कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-24.12.2024

विषयः- मोटर साइकिल लेकर फरार वांछित अभियुक्त अजय मौर्य को थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, कब्जे से 01 अदद मोटर साइकिल बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में तथा श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0258/2024 धारा 316(2) बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय मौर्य पुत्र स्व0 होरीलाल निवासी मौर्या बस्ती बेनीपुर थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी को आज दिनांक-24.12.2024 को समय करीब 06.00 बजे लठिया बाईपास तिराहे से औढ़े की तरफ थाना रोहनिया वाराणसी से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 अदद मो0सा0 के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 06.09.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने वादी मुकदमा की बाइक UP65 ES 7665 को प्रतिवादी अजय मौर्य द्वारा द्वारा लेकर कहीं भाग जाने व वापस नहीं आने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना रोहनिया में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 अवनीश कुमार मिश्र द्वारा सम्पादित की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त अजय मौर्य ने पूछताछ करने पर बताया कि यह हीरो स्पेलेण्डर मोटर साइकिल मुन्ना लाल की है, जिसको मैंने उनके कारखाने से उनके भाई के साले को इस मोटर साइकिल पर बैठाकर बच्छाव में पान की दुकान पर उतारकर यह मो0सा0 लेकर भाग गया था और आज यहाँ इस मोटर साइकिल को आते-जाते राहगीरों को बेचने की फिराक में था लेकिन आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण-

मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 01 अदद मो0सा0 हीरो स्पेलेण्डर रजि0 नं0 UP65 ES 7665 बरामद।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

अजय मौर्य पुत्र स्व0 होरीलाल निवासी मौर्या बस्ती बेनीपुर थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी, उम्र 49 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

लठिया बाईपास तिराहे से औढ़े की तरफ थाना रोहनिया वाराणसी से, दिनांक-24.12.2024 को समय करीब 06.00 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 0258/2024 धारा 316(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 अवनीश कुमार मिश्रा थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

2- हे0का0 चन्द्रदीप मौर्या थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

3- का0 सुमन्त कुमार रावत थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

4- का0 यशवन्त यादव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।